# बनूँ मैं चरणों का पुष्प | By Manoj Mishra

दौलत तो नहीं मुझको चरणों में जगह देना
अब अगले जनम में श्याम मुझे पुष्प बना देना
दौलत तो नहीं मुझको चरणों में जगह देना

पुष्प बना कर के चरणों में जगह देना
मेरे श्याम....मेरे श्याम
रज चरणों की पा लू मैं मेरे भाग्य जगा देना
अब अगले जनम में श्याम मुझे पुष्प बना देना
दौलत तो नहीं मुझको चरणों में जगह देना

पल भर के लिए ही भले गल हार बना लेना
मेरे श्याम....मेरे श्याम
धड़कन मैं तेरी सुन लूँ सीने से लगा लेना
अब अगले जनम में श्याम मुझे पुष्प बना देना
दौलत तो नहीं मुझको चरणों में जगह देना

ये पाकर के गर श्याम अभिमान जो आ जाए
मेरे श्याम....मेरे श्याम
मुझे कलियाँ बनाकर के भक्तों में बंटा देना
अब अगले जनम में श्याम मुझे पुष्प बना देना
दौलत तो नहीं मुझको चरणों में जगह देना

हे दानी दयालु श्याम जल्दी से क्षमा करना
मेरे श्याम....मेरे श्याम
जब भक्त चढ़ाएं इसे फिर पास बुला लेना
अब अगले जनम में श्याम मुझे पुष्प बना देना
दौलत तो नहीं मुझको चरणों में जगह देना

संजू कहे मेरे श्याम दिल में ही सदा रखना
मेरे श्याम....मेरे श्याम
कहीं पर भी जगह देना नज़रो से गिराना ना
अब अगले जनम में श्याम मुझे पुष्प बना देना
दौलत तो नहीं मुझको चरणों में जगह देना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a5%82%e0%a4%81-%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%9a%e0%a4%b0%e0%a4%a3%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a5%81%e0%a4%b7%e0%a5%8d%e0%a4%aa-by-manoj-mishra/